बंगाल में अब मॉब लिंचिंग में किसी की मौत होने पर दोषी पाए जाने वाले लोगों को फांसी तक की सजा हो सकती है, क्योंकि शुक्रवार को विधानसभा में बंगाल सरकार ने मॉब लिंचिंग रोकने के लिए सर्वसम्मति से बिल पारित करा लिया है। इस नए कानून में मॉब लिंचिंग में शामिल लोगों को तीन वर्ष से लेकर सश्रम उम्रकैद और यहां तक कि फांसी की सजा भी हो सकती है। मॉब लिंचिंग के खिलाफ कानून बनाने वाला बंगाल राजस्थान व मणिपुर के बाद देश का तीसरा राज्य बन गया है। बिल जब विधानसभा में पारित किया जा रहा था तो मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार यह कानून बनाकर बंगाल ने एक बार फिर देश को राह दिखाई है। केंद्र सरकार को भी जल्द इस बाबत कानून बनाना चाहिए। बंगाल विधानसभा में पारित हुए बिल का विपक्षी दलों कांग्रेस व वाममोर्चा ने भी समर्थन किया। भाजपा का मानना है कि कानून अच्छा है, लेकिन सत्ता पक्ष इसका राजनीतिक दुरुपयोग कर सकता है। कानून के तहत मॉब लिंचिंग की साजिश रचने वालों के साथ वे लोग भी सजा के हकदार होंगे, जो हिंसक भीड़ का हिस्सा होंगे। नए कानून के मुताबिक धर्म, जाति, लिंग, जन्म स्थान, भाषा, आहार, व्यवहार, जातीयता या किसी अन्य आधार पर भीड़ द्वारा की गई हिंसा मॉब लिंचिंग मानी जाएगी।

बिल पर चर्चा के दौरान मुख्यमंत्री ने मॉब लिंचिंग को सामाजिक बुराई करार देते हुए इसके खिलाफ एकजुट होने की अपील की। उन्होंने कहा कि उच्चतम न्यायालय ने मॉब लिंचिंग के खिलाफ कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। केंद्र सरकार को भी इसके खिलाफ कानून लाना चाहिए। चूंकि केंद्र सरकार ऐसा करने में विफल रही है, लिहाजा हमने राज्य स्तर पर इस सामाजिक बुराई पर लगाम कसने के लिए कानून बनाया है। इस मामले में भी बंगाल ने देश को राह दिखाई है। सदन में मुख्यमंत्री ने स्पष्ट कर दिया कि कानून को हाथ में लेने का अधिकार किसी को नहीं है। यदि कोई शिकायत है तो पुलिस को सूचित किया जाना चाहिए। यहां एक बड़ा सवाल यह है कि क्या इस कानून से मॉब लिंचिंग जैसी जघन्य घटनाएं थम जाएंगी? सिर्फ कानून बनाने से ही स्थिति बदल जाती तो देश में हत्या, दुष्कर्म, चोरी व डकैती की कोई घटना नहीं होती। सिर्फ कानून बनाने से नहीं होगा, लोगों में यह जागरूकता भी लानी होगी कि सभी कानून का सम्मान करें। अगर ऐसा नहीं होगा तो लाख कानून बनेंगे लेकिन घटनाएं नहीं रुकेंगी।

पुलिस सुधारों का समय

संजय गुप्त

पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो के स्थापना दिवस पर अमित शाह ने जो कुछ कहा उससे पुलिस और उसकी कार्यप्रणाली में बदलाव की उम्मीद दिखने लगी है

अवधेश राजपूत

जम्मू-कश्मीर को अनुच्छेद 370 से मुक्त करने का बड़ा काम करने के बाद ऐसा लगता है कि गृहमंत्री अमित शाह ने अपनी निगाह आंतरिक सुरक्षा को मजबूत करने पर लगा दी है। पिछले दिनों पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो के स्थापना दिवस पर मुख्य अतिथि के रूप में उन्होंने जो कुछ कहा उससे पुलिस और उसकी कार्यप्रणाली में बदलाव की एक उम्मीद नजर आने लगी है। इस मौके पर गृहमंत्री ने कहा कि देश को पांच ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का प्रधानमंत्री का जो लक्ष्य है उसे पाने के क्रम में आंतरिक सुरक्षा को मजबूत करना आवश्यक है। निःसंदेह जब देश का आम नागरिक अपने को सुरक्षित महसूस करेगा तभी विकास के लिए उपयुक्त माहौल का निर्माण होगा।

भारतीय पुलिस तमाम विषम परिस्थितियों में कार्य करने के लिए विवश है। चूंकि वह कम वेतन, काम के बोझ, समुचित प्रशिक्षण और आधुनिक तकनीक एवं हथियारों की कमी से दो-चार है इसलिए उसकी मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। भारतीय पुलिस की छवि अच्छी नहीं, लेकिन वह जिन हालात में काम करती है वैसे हालात विकासशील देशों में शायद ही कहीं दिखते हों। हालांकि पुलिस सुधार की पहल एक अर्से से हो रही है, लेकिन अभी तक वह सही तरह आगे नहीं बढ़ सकी है। अमित शाह के बयान से यह रेखांकित हो रहा है कि पुलिस सुधार मोदी सरकार के एजेंडे में आ गया है। इसका कारण यह है कि उन्होंने आइपीसी और सीआरपीसी में बदलाव पर जोर देते हुए यह कहा कि भारतीय पुलिस अंग्रेजों के बनाए जिन कानूनों के तहत संचालित है उनका मकसद अपने शासन को बनाए रखना था। आजादी के 70 सालों बाद यह आवश्यक हो जाता है कि आइपीसी और सीआरपीसी के केंद्र में जनता होनी चाहिए, न कि राज्य। बेहतर हो कि पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो आइपीसी और सीआरपीसी में परिवर्तन पर व्यापक विचार-विमर्श की पहल करे और जो उसे जो सुझाव मिलें उनसे गृह मंत्रालय को अवगत कराए।

अमित शाह ने राष्ट्रीय स्तर पर पुलिस विश्वविद्यालय के साथ फोरेंसिक साइंस विश्वविद्यालय बनाने की जो जरूरत जताई वह समय की मांग है। उन्होंने यह सही कहा कि यह थर्ड डिग्री का जमाना नहीं, टेलीफोन टैपिंग से कोई नतीजा नहीं निकलेगा और हमें जांच के लिए आधुनिक तरीके अपनाने होंगे। आज जब दोषियों को सजा दिलाने में फोरेंसिक प्रमाण महत्वपूर्ण साबित हो रहे हैं तब हम इस सच्चाई से मुंह नहीं मोड़ सकते कि गंभीर और बड़े मामलों में सीबीआइ जैसी एजेंसी भी फोरेंसिक सुबूत नहीं जुटा पाती। इसका फायदा अपराध करने वाले उठाते हैं। अमित शाह की प्राथमिकता में जेल विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों का प्रशिक्षण भी है ताकि अपराधियों के जेल से बाहर आने के बाद उन्हें अच्छा नागरिक बनाया जा सके। स्पष्ट है कि इसके लिए जेल मैनुअल को अपग्रेड करना होगा और जेल कर्मचारियों की सोच में बदलाव भी लाना होगा। अभी पुलिस आधुनिकीकरण की प्रक्रिया सात पहलुओं पर काम कर रही है। गृह मंत्री ने ठीक ही कहा कि इन सभी के बीच समन्वय बनाकर ही बेहतर परिणाम हासिल किया जा सकता है। पुलिस आधुनिकीकरण के लिए योजना बनाते समय कम से कम अगले 10 साल का खाका होना चाहिए। गृह मंत्री की इस बात से शायद ही कोई असहमत हो कि पुलिस को आपराधिक सोच वालों से हमेशा चार कदम आगे रहना चाहिए। पूछताछ में भी वैज्ञानिक तरीके का सहारा लिया जाना चाहिए। अपराध के प्रकार और अपराधियों की मानसिकता के अध्ययन के लिए हर राज्य में मोडस ऑपरेंडी ब्यूरो की स्थापना होनी चाहिए। इसी के साथ संघीय पुलिस का ढांचा निर्मित करने की दिशा में भी आगे बढ़ा जाना चाहिए। यह इसलिए आवश्यक है, क्योंकि अक्सर ही विभिन्न राज्यों की पुलिस के बीच तालमेल का अभाव दिखता है। इस अभाव को कई बार राज्यों में सत्तारूढ़ अलग-अलग दल और गंभीर बना देते हैं। कई बार तो वे सीबीआइ के काम में भी अड़ंगा लगाते हैं। बतौर उदाहरण कुछ समय पहले बंगाल सरकार कोलकाता के पुलिस आयुक्त को सीबीआइ की पूछताछ से बचाने के लिए अड़ गई थी। राज्य सरकारें ऐसा इसलिए कर पाती हैं, क्योंकि सीबीआइ दिल्ली पुलिस स्टैबिलशमेंट एक्ट के तहत काम करती है। साफ है कि इस जांच एजेंसी को वास्तविक संघीय स्वरूप देने की आवश्यकता है।

ऐसा नहीं है कि पिछली सरकारों में पुलिस सुधार की बात न की गई हो। इस तरह की बातें हमेशा होती रही हैं। और तो और उच्चतम न्यायालय भी इस दिशा में सक्रिय रहा है। उसने पुलिस सुधार संबंधी सात सूत्रीय दिशा निर्देश दिए थे, लेकिन उनके अमल को लेकर राजनीतिक दलों ने अपेक्षित इच्छाशक्ति नहीं दिखाई। ये दिशानिर्देश उत्तर प्रदेश के पूर्व पुलिस महानिदेशक प्रकाश सिंह की याचिका पर दिए गए थे। इन दिशानिर्देशों के तहत सुरक्षा आयोग का गठन करना और पुलिस कंप्लेंट अथॉरिटी बनाना था। इसके अलावा पुलिस प्रमुख का कम से कम दो साल का कार्यकाल सुनिश्चित करना था। सबसे महत्वपूर्ण दिशानिर्देश अपराध की विवेचना और कानून व्यवस्था के लिए अलग-अलग व्यवस्था लागू करने संबंधी था। ये दिशानिर्देश देते समय सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि पुलिस की जिम्मेदारी केवल कानून के प्रति होनी चाहिए। इससे पहले विधि आयोग, मलिमथ समिति, पद्मनाभैया समिति और राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग भी पुलिस सुधारों को लेकर अपने-अपने सुझाव दे चुके हैं, लेकिन उनकी सिफारिशें ठंडे बस्ते में पड़ी रहीं।

अपने देश में केंद्रीय जांच एजेंसियों के रूप में सीबीआइ और एनआइए ही हैं। जहां सीबीआइ किसी मामले की जांच राज्यों की अनुमति या अदालत के निर्देश पर करती है वहीं एनआइए केवल आतंकी मामलों की जांच करती है। रोजमर्रा के जीवन में आम आदमी का वास्ता जिस पुलिस से पड़ता है उसका नियंत्रण राज्यों के हाथ में है। आम तौर पर पुलिस राज्य सरकारों की कठपुतली की तरह काम करती है। वह कई बार उन गतिविधियों से आंखें मूंद लेती है जिन्हें सत्तारूढ़ दल गंभीर नहीं मानते या फिर जिन पर लगाम लगने से उन्हें अपना वोट बैंक खोने का डर सताता है। पुलिस की कार्यप्रणाली में सुधार के लिए यह आवश्यक है कि वह बेजा राजनीतिक नियंत्रण से मुक्त हो। चूंकि भारतीय पुलिस खुद को आज की जरूरतों के अनुरूप नहीं ढाल सकी है इसलिए वह जनता का भरोसा नहीं हासिल कर पा रही है। कैसी भी परिस्थितियां हों, पुलिस को जनता को अपनी वर्दी का रौब दिखाने से बचना चाहिए, क्योंकि आज भी अधिकांश लोग पुलिस के पास जाने में हिचकिचाते हैं। पुलिस को इस स्थिति को बदलना होगा। जनता को भी यह समझना होगा कि पुलिस को सहयोग देना और उसका आदर करना उसकी जिम्मेदारी है। जहां जनता को इस जिम्मेदारी को पूरा करना चाहिए वहीं पुलिस को भी चाहिए कि वह अपनी छवि बदलने के लिए सक्रिय हो। निःसंदेह छवि आचरण में सुधार से ही बदलेगी।

response@jagran.com

जुगाड़ की जुगाली करने वाले

हास्य-व्यंग्य

ज्ञान चतुर्वेदी

गऊ आदमी किसी के काम को मना नहीं करता, लेकिन करता किसी का नहीं। लोग शिकायत भी नहीं करते कि वह हुआ क्यों नहीं

एक होता है गऊ आदमी। वह होता तो नहीं, पर सब तरफ गऊ कहलाता है। सब उसकी तारीफ करते हैं। कहते हैं कि फलाने साहब बड़े गऊ आदमी हैं। नहीं, वह दूध नहीं देता है। कभी दे भी पाता तो भी किसी को न देता। वह किसी को कुछ भी देने का हिमायती नहीं। उसके पास दूध होता तो वह खुद पी डालता, पर वह दुधारू न होने के बावजूद गऊ है। वैसे उसे गऊ कहना भी अर्धसत्य है। उसमें गऊ नहीं, बछड़ा तत्व प्रबल है। व्यवस्था के थन पर उसकी सतत नजर बनी रहती है। वह हरदम इसी जुगाड़ में रहता है कि व्यवस्था के थन कहां हैं? सभी दुधारू मामलों पर उसकी नजर रहती है। सरकारी दफ्तरों की कायदे से टोह लेता है। जी हुजूरी में अव्वल। लोग मानते हैं कि गऊमाता टाइप आदमी है। बार-बार नमस्कार करता है। जी-जी में लगा रहता है। सब उसकी चुप्पी के कायल हैं। वह गाय बनकर व्यवस्था के थनों के नीचे अपना बर्तन लगाए रहता है।

वह छोटे पद पर है। वह बहुत बड़ी जगह बैठा है। वह कहीं किसी पद पर नहीं। पर वह जहां है, गऊ आदमी के तौर पर मशहूर है। मान लें कि एक बड़ा अधिकारी है और वह गऊ भी है। वह बड़े पद पर है। बड़ी पावर है उसके पास, पर वह किसी के विरुद्ध कुछ नहीं करता। पैने सींग हैं, पर सिर झुकाए रहता है। सब कहते हैं कि गऊ है बेचारा। यह सुनकर कतई बुरा नहीं मानता, बल्कि संतोष महसूस करता है। सब उसे गऊ मानें-यही तो वह चाहता भी है। गऊ होना उसकी रणनीति है। हथियार है। वह गऊ रहकर अपना काम निकालता रहता है। खूब आदर भी है। वैसे भी भारत में गऊ माता की पूजा होती है। आदमी होने के खतरों को भी वह बखूबी समझता है। गऊ टाइप बनने के फायदों से भी बखूबी वाकिफ है। वह जानता है कि समाज गोभक्तों का है। एक बार आप गऊ माता टाइप व्यक्तित्व बना लो तो लोग पूजा न भी करें, मगर डंडा नहीं मारते। गऊ आदमी को पता है कि व्यवस्था की मंडी सांडों के कब्जे में है। इसीलिए वह पता करके रखता है कि स्थानीय समाज के सांड कौन हैं? व्यवस्था के सांडों और उसके बीच एक अलिखित समझौता है। गऊ को नियमित चारा और सानी मिलती रहे, उसे सांडों से एतराज नहीं। वैसे, गऊ आदमी, इस मामले में गऊ से थोड़ा अलग है कि उसकी नजर चारे पर भी है और दूध पर भी। इधर सांडों को भी हर कुर्सी पर ऐसे ही गऊ आदमी चाहिए जो अपना चारा लें और उन्हें व्यवस्था के थन से बराबर दूध निचोड़ने दें। समझौता हो जाता है और बढ़िया चलता भी है।

गऊ आदमी ईश्वर का डर रखता है। सभी का बराबर आदर करता है। किसी को भी किसी काम के लिए मना नहीं करता और बाद में आत्मीय दुख के साथ यह भी बताता है कि काम क्यों नहीं हो पाया? वह हर काम के लिए हां कह देता है। 'हो जाएगा' उसकी स्थाई टेक है। सबको हां बोलता है, करता किसी का काम नहीं। हां, जो चढ़ावा चढ़ा दे, उस पर जरूर कृपा कर देता है। जो न दे उससे भी ऐसी मीठी हां बोलता है कि फाइल में चींटियां चलने लगती हैं। इसी के चलते, काम न होने पर भी लोग उसे कुछ नहीं कह पाते। गऊ आदमी है। आप चिल्ला सकते नहीं। उसे गालियां दो तो स्वयं को ही पाप लगेगा। लोग वहां आ जाएंगे। लानतें देंगे कि आप ऐसे सीधे, गऊ आदमी से कैसी बात कर रहे हो?

गऊ आदमी प्रायः अकेला बैठा दिखेगा, पर वह अकेला नहीं। जुगाली के साथ है। जुगाड़ की जुगाली कर रहा है। बड़ी कुर्सी पर। आपकी फाइल पर। महत्वपूर्ण निर्णयों को रोके हुए। फाइलों पर कुंडली मारे हुए। काम रुका पड़ा है, पर सभी मजबूर हैं। कहते हैं कि फाइल गऊ आदमी के पास अटकी हुई है। एक बार आप गऊ आदमी होने की कला साध लें तो फिर आपसे कोई कुछ नहीं कह पाता। बड़े-बड़े ट्रक, बड़बड़ाते हुए, कच्चे में उतरकर बगल से निकल जाते हैं। क्या करें? सड़क पर कब्जा है गऊ आदमी का। वह सुरक्षित है। जानता है कि बड़ा ही धर्मभीरू सिस्टम है उसके चारों तरफ। गऊ के कब्जे को अब यहां सामाजिक और वैधानिक सी स्वीकृति है।

कृपया हॉर्न न बजाएं। शिकायत न करें। फाइल पर बैठे गऊ आदमी का रोना न रोएं। उसे प्रणाम करें। ऐसों को रिश्वत देना प्रसाद चढ़ाना कहलाता है, व्यवस्था में। प्रसाद की व्यवस्था करें। चढ़ाते रहें। पुण्य कमाते रहें!

response@jagran.com

तथ्य-कथ्य | प्रवासी भारतीय

(आंकड़े लाख में)



ऊर्जा

समय और भाग्य

'यह समय भी गुजर जाएगा' एकदम सही कहावत है। सुख-दुख दोनों स्थितियों में यह कारगर सिद्ध होती है। सुख में यह सुखी मनुष्य की वर्तमान स्थिति के कारण उस पर अहंकार को हावी होने से बचाती है और दुख में दुखी मनुष्य को भविष्य की संभावनाओं के प्रति संबल देती है, जैसा भी समय है गुजर ही जाएगा। मनुष्य की प्रवृत्ति भी अजीब किस्म की है। सुख के दिनों में वह अपनों को भूल जाता है और दुख के दिनों में उसके अपने उसे भूल जाते है। जब सुख साथ होता है तो वह अपने में ही आनंदित रहकर स्वयं को सीमित कर लेता है। इसके विपरीत दुख के समय में उसकी मदद करने वाले सीमित हो जाते है। दुख से सुख और सुख से दुख की यह यात्रा जीवन भर अनवरत जारी रहती है।

अक्सर मन वांछित लक्ष्य की प्राप्ति न होने पर कहा जाता है कि समय ने साथ न दिया, तात्पर्य यहीं होता है कि अभी स्थितियां विपरीत हैं। आत्मसंतुष्टि के लिए कही जाने वाली यह बात मनुष्य को आशावान बनाए रखती है जिससे वह समय परिवर्तन की आस लिए अपनी मेहनत के प्रति लगनशील बना रहता है। जीवन में मेहनत के साथ-साथ भाग्य भी अपनी भूमिका निभाता है। निःसंदेह मेहनत किसी कार्य की सफलता का पहला आवश्यक तत्व है, किंतु भाग्य का साथ भी उतना ही जरूरी है। प्रायः हम विजय प्राप्त करने के लिए अपनी पूरी ऊर्जा लगा देते हैं, किंतु बहुधा मेहनत से अधिक भाग्य प्रबल साबित होता है। अच्छे समय के साथ अच्छे भाग्य की जरूरत से भी इन्कार नहीं किया जा सकता।

'समय से पहले और भाग्य से ज्यादा किसी को नहीं मिलता' इस कहावत में भी यहीं भाव निहित है। समय अच्छा हो तो मनुष्य को अपने भाग्य पर इठलाना नहीं चाहिए और समय बुरा हो तो मेहनत के बल पर भाग्य के सहारे अपनी स्थिति परिवर्तित करने में कोई कसर शेष नहीं रखनी चाहिए। किसी रात में वह साहस नही कि वह दिन होने से रोक सके। समय में इतनी शक्ति और भाग्य में इतना बल है कि वह किसी का भी कायापलट कर सकते हैं जिसे हम चमत्कार मानने लगते हैं।

सौरभ जैन

कुछ गुत्थी सुलझीं कुछ और उलझीं

मुकुल व्यास

रूपकुंड झील में मानव कंकालों की पड़ताल के दौरान कुछ नए निष्कर्ष सामने आए हैं। इनसे कुछ और सवाल खड़े हो गए हैं

अंतरराष्ट्रीय वैज्ञानिकों के दल ने हिमालय में स्थित रूपकुंड झील के 800 मानव कंकालों के रहस्य को सुलझाने का दावा जरूर किया है, लेकिन उनके निष्कर्षों ने उत्तराखंड की इस बर्फीली झील में बिखरे हुए कंकालों के बारे में कुछ नए सवाल खड़े कर दिए हैं। 2000 के दशक में किए गए डीएनए अध्ययन में अनुमान लगाया गया था कि रूपकुंड के किनारे मरने वाले लोग दक्षिण एशिया के रहने वाले थे और ये सभी लोग एक हजार वर्ष पहले एक ही घटना में मारे गए थे, लेकिन अब अस्थि-अवशेषों के 38 नमूनों के संपूर्ण जीनसमूह के डीएनए विश्लेषण ने वैज्ञानिकों के पुराने निष्कर्षों को एकदम पलट दिया है।

नए निष्कर्षों से पता चलता है कि रूपकुंड के पहले समूह में दक्षिण एशियाई मूल के 23 लोग थे, लेकिन इनकी मृत्यु सातवीं और दसवीं शताब्दी के बीच किसी एक या विभिन्न घटनाओं में हुई थी। ये दक्षिण एशियाई लोग संभवतः भारतीय रहे होंगे। इनके अलावा इन कंकालों में 14 लोगों का दूसरा समूह शामिल है जिनकी मृत्यु एक हजार वर्ष बाद किसी एक ही घटना में हुई थी। अध्ययन में चौंकाने वाली बात यह थी कि इस समूह का आनुवंशिक संबंध दक्षिण एशियाई लोगों से नहीं था। ये पूर्वी भूमध्यसागरीय देशों से आए थे। शायद वे ग्रीस के थे। भूमध्यसागरीय समूह के साथ एक और व्यक्ति की मृत्यु हुई थी, लेकिन वह दक्षिण पूर्वी एशिया का निवासी था। इन लोगों का एक-दूसरे से कोई संबंध नहीं था। अतिरिक्त आइसोटोपिक अध्ययन से पता चला कि भूमध्यसागरीय और दक्षिण एशियाई लोगों का खानपान एकदम अलग था। सबसे बड़ा सवाल यह है कि भूमध्यसागरीय लोग रूपकुंड क्यों गए और उनकी मृत्यु कैसे हुई? शोधकर्ताओं के पास इसका कोई जवाब नहीं है।

लखनऊ स्थित बीरबल साहनी पुराविज्ञान संस्थान के वैज्ञानिक और इस अध्ययन के सह-लेखक नीरज राय का कहना है कि हमने रूपकुंड में मिले कंकालों के सभी आनुवंशिक रिश्तों का उत्तर देने का प्रयास किया है, लेकिन हम यह उत्तर नहीं खोज पाए कि भूमध्यसागरीय लोग झील तक क्यों आए। शोधकर्ता यह जानने की कोशिश में हैं कि रूपकुंड में पहुंचने वाले लोग कौन थे और उनकी मृत्यु कब हुई। मृत्यु का कारण भी स्पष्ट नहीं हो पाया। उनका युद्ध में मरना संभव नहीं लगता, क्योंकि रूपकुंड में पुरुषों के साथ महिलाओं के भी अस्थिपंजर मिले हैं। वहां कोई हथियार और हिंसा का भी कोई चिन्ह नहीं दिखा। मृत्य के समय ये लोग स्वस्थ थे, अतः इनके किसी महामारी से मारे जाने की आशंका भी नहीं लगती। एक स्थानीय लोकगीत या प्रचलित कथाओं में इन लोगों की मृत्यु का कुछ संकेत मिलता है। इस लोक गीत में 'राज जात यात्रा' का उल्लेख है जो हर 12 साल बाद नंदा देवी की पूजा-अर्चना के लिए निकाली जाती है। लोक गीत के अनुसार नंदादेवी तीर्थयात्रियों के अभद्र व्यवहार से क्रुद्ध हो गईं। देवी के क्रोध से उन पर 'लोहे के गोले' बरसे। एक आशंका यह लगती है कि मरने वाले लोग तीर्थयात्री थे जो खराब मौसम और भयानक ओलावृष्टि की चपेट में आ गए होंगे।

(लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं)

राजरंग

जलवे का असर

भाजपा जिस रफ्तार से तरक्की कर रही है उसी गति से पार्टी के नेताओं की लोकप्रियता भी बढ़ती जा रही है। पार्टी के ऐसे चेहरे जो टीवी और अखबारों में दिखते हैं, उन्हें पहचानने वाले हर जगह मिलते हैं और चाहे-अनचाहे वे वीआइपी हो ही जाते हैं। कुछ दिनों पहले भाजपा के एक प्रवक्ता एअरपोर्ट पर थे तो सुरक्षा जांच के वक्त सुरक्षाकर्मी ने उनसे टिकट के लिए पूछा। भाजपा नेता ने अपना टिकट दिखाया तो सुरक्षाकर्मी ने कहा कि उसे चुनाव का टिकट चाहिए। नेता जी उसे वादा कर किसी तरह पीछा छुड़ाकर आगे बढ़े, लेकिन कुछ दिनों बाद वह बायोडाटा के साथ भाजपा कार्यालय पहुंच गया। बताते हैं कि खासतौर से पार्टी प्रवक्ताओं के लिए अब देश में कोई भी जगह ऐसी नहीं है जहां उन्हें पहचानने वाले और सेल्फी लेने वाले न मिल जाएं।

घंटी वाले बाबू

राजनीतिक दलों के कार्यकर्ता या नेताओं से नजदीकी रखने वाले लोग जब मंत्रियों के पीए, एपीएस या ओएसडी बन जाते हैं तो वे सरकारी बाबुओं की नकल करने की हरसंभव कोशिश करते हैं। कुर्सी पर बैठते ही उनका स्वभाव और नजरिया बदल जाता है। बताया जाता है कि श्रमशक्ति भवन में बैठने वाले एक मंत्री के निजी स्टाफ में भी आजकल कुछ ऐसा ही हो रहा है। मंत्रीजी के साथ एक राजनीतिक व्यक्ति अटैच है। उस व्यक्ति को आजकल कुछ ऐसा शौक लगा है कि वह अपनी अहमियत और व्यस्तता दिखाने के लिए अजीबोगरीब हकरत करते रहते हैं। कुछ नहीं होता है तो वह पल-पल में घंटी ही बजा देते हैं। चपरासी दौड़कर आता है तो कहते हैं अच्छा थोड़ी देर में आओ। खाली बैठे हों और किसी का फोन आ जाए तो कह देते हैं कि अभी व्यस्त हैं। बहरहाल क्या वह बाबुओं की नकल कर पा रहे हैं, यह तो फिलहाल मालूम नहीं, लेकिन कई अधिकारियों को उनका ढंग पसंद नहीं आ रहा है।

अटक गई थीं सांसें

कई बार परदे की पीछे की कहानी सामने नजर आ रही तस्वीर से ज्यादा दिलचस्प हो जाती है। ऐसा ही कुछ इस बार खेल एवं युवा मंत्रालय के एक भव्य और शानदार कार्यक्रम में भी देखने को मिला। देश के युवाओं को शारीरिक रूप से चुस्त-दुरुस्त रहने का मंत्र देने के चक्कर में मंत्रालय और कार्यक्रम से जुड़े तमाम अधिकारियों के पसीने छूट गए। अंतिम क्षणों तक मंत्रालय के अधिकारी और स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया के अधिकारियों के बीच कार्यक्रम की प्रक्रिया और तौर-तरीकों पर विचार होता रहा। कार्यक्रम और उसकी तैयारियों को गुप्त रखना भी उनके लिए किसी चुनौती से कम नहीं था। यहां तक कि कर्टेन रेजर का समय तय कर फिर आनन-फानन में उसे रद कर दिया गया। आलम यह था कि खुद पीआइबी के अधिकारी कार्यक्रम की जानकारी पाने के लिए सचिव महोदय से समय मांगते रह गए, लेकिन उन तक को इससे दूर रखा गया। कार्यक्रम सफलतापूर्वक निपट तो गया, लेकिन मंत्रालय के अफसर इसका श्रेय सिर्फ और सिर्फ ऊपर वाले को दे रहे हैं। गोपनीयता बनाए रखने के चक्कर में सबकी सांसें अटकी पड़ी थीं।

नायब का नायाब शौक

वैसे तो नायब मंत्रियों के कामकाज के आवंटन में अमूमन कोताही ही बरती जाती है, लेकिन अगर वे 'कामकाज' करने पर ही उतारू हो जाएं तो भला उनका कोई क्या बिगाड़ सकता है? ऐसे नायब मंत्रियों का काम आमतौर पर फीता काटना, उद्घाटन करना और देश-विदेश में खास जगहों का दौरा करने तक ही सीमित होता है। मगर खेती-किसानी महकमे में पहली बार आए नायब मंत्री को गजब का शौक है। फीता काटने और मंच पर भाषण देने की लत के चलते आए दिन कार्यक्रम कराने पड़ते हैं। इन दिनों राज्यवार किसानों को बुलाकर उन्हें दिन भर भाषण पिला रहे हैं। सामान्य तौर पर उद्घाटन करने वाले वीआइपी पहले सत्र के बाद लौट जाते हैं, लेकिन नायब साहब वहीं दिन भर डटे रहते हैं। हर सत्र की अध्यक्षता खुद करते हैं जिसके लिए उन्हें किसी की इजाजत की जरूरत नहीं रहती है। बीच की कुर्सी पर जमे रहना उनका हक है। चर्चा के प्रत्येक सत्र में कूद पड़ने से शिरकत करने वाले अफसर और वैज्ञानिक असहज होने लगे हैं। नायब साहब की शिकायत भला करे तो कौन करे और करनी भी हो तो किससे की जाए?

संस्थापक-स्व. पूर्णचन्द्र गुप्त. पूर्व प्रधान संपादक-स्व.नरेन्द्र मोहन. संपादकीय निदेशक-महेन्द्र मोहन गुप्त. प्रधान संपादक-संजय गुप्त, जागरण प्रकाशन लि. के लिए: नीतेन्द्र श्रीवास्तव द्वारा 501, आई.एन.एस. बिल्डिंग, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित और उन्हीं के द्वारा डी-210, 211, सेक्टर-63 नोएडा से मुद्रित, संपादक (राष्ट्रीय संस्करण) -विष्णु प्रकाश त्रिपाठी*
दूरभाष : नई दिल्ली कार्यालय : 011-43166300, नोएडा कार्यालय : 0120-4615800, E-mail: delhi@nda.jagran.com, R.N.I. No. DELHIN/2017/74721 *इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद दिल्ली न्यायालय के अधीन ही होंगे। हवाई शुल्क अतिरिक्त।



तीरंदाज

■ अश्विनी भटनागर

टहलने वाले टहलाने वाले

ज्यादातर लोग सुबह उठ कर सैर करना पसंद करते हैं। उनका मानना है कि सुबह की ताजा हवा सेहत के लिए बेहद लाभकारी होती है। डॉक्टरों का भी कहना है कि सुबह की चहलकदमी से कई तरह के फायदे होते हैं। पर साथ में वे कहते हैं कि अगर सुबह मुमकिन न हो पाए, तो शाम को जरूर पैरों को थोड़ा अभ्यास करा देना चाहिए। सेहतमंद रहने के लिए कुछ हजार कदम हर रोज चलना जरूरी है।

पर कुछ लोग सूरजमुखी होते हैं, तो कुछ चंद्रमुखी। दूसरे शब्दों में, कुछ सुबह तड़के ही उठ जाते हैं, जबकि बाकी अपनी दिनचर्या देर से शुरू करते हैं। जैसे जैसे दिन ढलता है, इन लोगों की ऊर्जा बढ़ती जाती है, क्योंकि उनकी सृजनशीलता निशा की गहनता के साथ जुड़ी होती है। मैं अपने को चंद्रमुखी मानता हूं और इसीलिए मेरा टहलना हमेशा शाम को ही हो पाता है।

चंद्रमुखी प्रवृत्ति के आलावा, देर शाम को घर से निकल कर 'वॉक' पर जाने के और भी कई लाभ हैं। सबसे बड़ा लाभ निश्चिंत संपर्क का है। अगर आप देखें तो सुबह जो लोग घूमने निकलते हैं उनका सारा ध्यान अपने पर रहता है। उन्हें अपनी दिनचर्या शुरू करनी होती है और उससे पहले उन्हें 'वॉक' वाला निश्चित काम पूरा करना है। उसके लिए उन्होंने एक समय सीमा तय की हुई होती है- यानी इतने किलोमीटर, इतने समय में करना है। साथ ही उनके दिमाग में आने वाले दिन में उन्हें क्या करना है और कैसे करना है की उधेड़बुन घुमड़ रही होती है। उनका सारा ध्यान फौजी तरीके से व्यायाम करने पर होता है। उनका लक्ष्य निश्चित होता है, पर मन निश्चिंत नहीं होता है।

शाम को टहलने वाले निश्चिंत होकर निकलते हैं। दिन भर की गहमागहमी पीछे छूट चुकी होती है। जो होना था वह हो चुका होता है। शाम को वे निश्चिंत होते हैं। उनके लिए यह वक्त मनन का होता है। टहलते हुए वे लंबी सांस भर कर अपने में गोता लगा सकते हैं। उन्हें घर लौट कर कहीं जाना नहीं होता, वे आराम से पैंतालीस मिनट के बजाय एक घंटा या दो घंटा भी टहल सकते हैं। वे घड़ी के गुलाम नहीं होते, बल्कि अपने मन के मालिक होते हैं। उनका जब तक मन करेगा, वे कदम बढ़ाते जाएंगे और जब मन भर जाएगा तो लौट लेंगे।

बच्चों को स्कूल भेजने से अपने ऑफिस जाने तक की जल्दी उनके दिमाग पर हावी नहीं होती है, जो कि सुबह टहलते समय होना लाजमी है, इसलिए वॉक के कई मकसद हो जाते हैं। कम से कम मेरा एक मकसद आसपास की जिंदगी और लोगों से परिचित होना है। सुबह यह मुमकिन नहीं है। सुबह वही लोग मिलते हैं, जो आप जैसे ही हैं। वे जल्दी में होते हैं। बाकी के लोग और उनकी जिंदगियां भोर में अलसाई हुई, दुबकी हुई रहती है।

इसके विपरीत, देर शाम को मजमा लगा होता है। सबके पास कुछ न कुछ कहने को होता है। वे दिन भर का रोमांच, दुख-दर्द बांटने, हंसी-ठट्ठा करने के लिए आतुर होते हैं। चलते-चलते ही आपको ऐसे मंजर दिख जाएंगे, जो आपका ध्यान बरबस ही अपनी तरफ खींच लेंगे। या फिर किसी की बातचीत की फुहार मन को होली के रंगों से पुलकित कर देगी। कहीं पास वाली गुमटी में बहस हो रही होगी, तो कहीं किसी झुग्गी में दुलार हो रहा होगा। बड़ी चमचमाती गाड़ियां फर्राटे से गुजर जाती होंगी, तो कहीं रिक्शा वाला मुंह लटकाए सवारी का इंतजार कर रहा होगा। थोड़ी-सी दूर पर स्ट्रीट फूड पर लोग मक्खियों की तरह भिनभिना रहे होंगे, तो उसकी बगल में भी भूखे पेट पल रहे होंगे। वास्तव में जिंदगी से असल मुलाकात शाम को ही होती है। इसीलिए शाम का घूमना मन, मस्तिष्क और शरीर के स्वास्थ के लिए सबसे लाभकारी है। संध्या में ही जीवंत सत्य के दर्शन हो सकते हैं।

पैदल चलने से जागरूकता उत्पन्न होती है। जागरूकता विभिन्न प्रकार की हो सकती है- व्यक्तिगत, सामाजिक, धार्मिक या फिर राजनीतिक। पैदल चलने से अपना सच सामने आ जाता है और साथ में दूसरों का भी। अगर हम इस सच को अपने में संग्रहित कर लेते हैं, तो व्यक्ति की सच्चाई एक मशाल की तरह से हो जाती है, जिससे सैकड़ों और मशालें जल उठती हैं। आदि शंकराचार्य ने पूरे भारत को पैदल चल कर नापा और वेदांत की मशाल से हमारे धर्म और समाज को रोशन किया। उनसे पहले गौतम बुद्ध थे। समकालीन इतिहास में महात्मा गांधी ने साबरमती आश्रम से डांडी तक की पैदल यात्रा कर के आजाद हिंद की प्रस्तावना की थी। विनोबा भावे का भूदान आंदोलन उनकी यात्राओं पर आधारित था।

राजनीति के क्षेत्र में, जब 1977 में इंदिरा गांधी चुनाव में बुरी तरह से परास्त हुई थीं, तो सत्ता में लौटने की कवायद उन्होंने सुदूर बिहार में स्थित बेलची गांव पहुंचने ले लिए नदी-नाला पार करके शुरू की थी। वे बाढ़ग्रस्त नदी में घुटनों तक पानी में उतर गई थीं, जब उन्हें गांव वालों ने कहीं से एक हाथी उपलब्ध करवा दिया था। 1983 में समाजवादी नेता चंद्रशेखर ने भारत के दक्षिण से दिल्ली तक की पैदल यात्रा की थी। वे इंदिरा गांधी के शासन के खिलाफ जनचेतना जगाना चाहते थे। इसके बाद विश्वनाथ प्रताप सिंह ने तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी के खिलाफ अभियान साइकिल यात्रा से शुरू किया था और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी ने राम जन्मभूमि आंदोलन को अपनी रथयात्रा से संचालित किया था। राजीव गांधी ने 1990 में सत्ता से हटने के बाद ट्रेन यात्रा शुरू की थी।

पैदल यात्राओं को साइकिल, रथ और ट्रेन ने विलुप्त कर दिया और फिर हवाई यात्राएं शुरू हो गईं। अपना जनसंपर्क और जन जागरूकता बढ़ाने के लिए सामाजिक, धार्मिक और राजनीतिक नायकों ने आसमानी यात्राएं शुरू कर दी थी। अब उनके पास अपनी बात कहने का सुलभ यंत्र था। पर दूसरे की बात सुनने का कोई तंत्र नहीं था। वे उड़ कर आने लगे थे, उड़ी-उड़ी बातें बांच कर हवा में गायब हो जाते थे। हवाई मंत्र यंत्र का तंत्र बन चला था। लोकतंत्र, राजतंत्र और यहां तक कि विचार तंत्र भी अब इस मंत्र के जाप पर दीर्घ आयु पा रहा था।

पर हम और आप आज भी टहल रहे हैं। प्रदूषित हवा से स्वास्थ्य लाभ लेने का अपना हौसला बनाए हुए हैं। सड़क के आदमी के लिए यह एक घोर विडंबना नहीं तो और क्या है!

प्रकृति से प्रेम

रोहित कौशिक

इस समय कश्मीर को लेकर भारत और पाकिस्तान में युद्धोन्माद हावी है। दोनों ही देश अपने निहित स्वार्थों के लिए संवाद के रास्ते बंद कर रहे हैं। कुछ अपवादों को छोड़ कर दोनों देशों की आम जनता भी एक-दूसरे को मिटा देने के सपने देख रही है। शायद इस दौर में युद्ध के परिणामों का अंदाजा हमें नहीं है। दोनों ही तरफ के लोग जब यह कहते हैं कि हम अपनी धरती के लिए शीश कटा देंगे, तो हमें यह विचार करना होगा कि क्या हम सच्चे अर्थों में अपनी धरती के लिए चिंतित हैं? क्या हम अपनी धरती को बचाने के लिए वास्तव में कुछ प्रयास करते हैं?

निश्चित रूप से हमारे लिए अपने देश की सुरक्षा सर्वोपरि होनी चाहिए, लेकिन परमाणु हथियारों के इस दौर में युद्ध से न केवल हमारी धरती और प्रकृति झुलसेगी, बल्कि इंसानियत भी झुलस जाएगी।

इस दौर में प्रेम की बात करना ही सच्ची देशभक्ति है। दोनों तरफ प्रेम की भावना ही युद्ध के विचार को खत्म कर सकती है। अगर इस प्रक्रिया का सूक्ष्म अध्ययन किया जाए, तो हमें पता चलेगा कि प्यार का माहौल तैयार करने में प्रकृति का महत्त्वपूर्ण योगदान है। सुहाने मौसम में हमारे अंदर प्रेम के बीज अंकुरित होने की संभावना ज्यादा होती है। खिलते हुए फूल, सुहानी हवा, पेड़-पौधे, जीव-जंतु, ऊंचाई से गिरते झरने, बहता हुआ पानी, नदियां और पहाड़, सूरज, चांद और तारे-ये सब प्रकृति के ही अवयव हैं। प्रकृति के ये अवयव अनेक तरह से हमें प्यार करने को प्रेरित करते हैं।

जब कहीं भी प्रेम की बात चलती है तो हम मात्र प्रेमी और प्रेमिका के प्रेम के बारे में सोचते लगते हैं। ऐसा सोचकर हम प्रेम का दायरा सीमित कर देते हैं। प्रेम का अस्तित्व किसी सीमित दायरे में नहीं हो सकता। माता-पिता, भाई-बहन, जीव-जंतुओं, प्रकृति और समस्त संसार से हमें प्रेम होना चाहिए। घृणा, द्वेष और अघोषित युद्ध के इस माहौल में तो प्रेम का महत्त्व और भी ज्यादा बढ़ गया है।

संसार का अधिकतर साहित्य प्रकृति, प्रेम और सौंदर्य को विषय बना कर ही रचा गया है। प्रकृति हमें एक नया सौंदर्यबोध प्रदान करती है। धरती को सौंदर्य प्रदान करने में प्रकृति ने अतुलनीय योगदान दिया है। पेड़-पौधे, फूल-पत्तियां, झरने और पहाड़ धरती के आभूषण हैं। कल्पना कीजिए कि इन आभूषणों से रहित धरती हमें कैसी दिखाई देगी। यह हम सबका कर्तव्य है कि हम धरती के इन आभूषणों की चमक फीकी न पड़ने दें। हमें यह समझना होगा कि यह धरती सुंदर रहेगी तो हमारा जीवन भी सुंदर रहेगा।

सवाल है कि हमसे प्यार करने और हमारे अंदर प्रेम के बीज अंकुरित करने वाली प्रकृति से क्या हम प्यार करते हैं? शायद नहीं। तभी तो हम प्रकृति के प्रति पत्थरदिल हो गए हैं। कभी हम प्रकृति के विभिन्न अवयवों का क्षरण कर प्रदूषण बढ़ाते हैं तो कभी जलवायु परिवर्तन के लिए स्वयं जिम्मेदार होते हुए भी प्रकृति को कोसते हैं। यह दुखद ही है कि कभी धरती का बढ़ता हुआ ताप प्रकृति को जख्म दे रहा है तो कभी हमारा व्यवहार प्रकृति के जख्मों को कुरेद रहा है। अगर भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध हुआ तो हम प्रकृति के जख्म पुनः हरे कर देंगे। युद्ध से धरती का ताप तो बढ़ेगा ही, प्रदूषण जैसी समस्याएं भी पैदा होंगी। कुल मिलाकर हम उसी प्रकृति से बेवफाई कर रहे हैं, जो हमें हमेशा वफा की सीख देती है। विभिन्न अध्ययनों के माध्यम से यह बात सामने आ रही है कि प्रदूषण और धरती का ताप बढ़ने के कारण संपूर्ण विश्व को अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ेगा। इन समस्याओं में सूखा, बाढ़, तापमान बढ़ना, ग्लेशियरों का पिघलना, समुद्र का स्तर बढ़ना, अनेक जीव-जंतुओं और पेड़-पौधों का विलुप्त होना आदि शामिल हैं। विचारणीय प्रश्न यह है कि जब हम इन प्राकृतिक समस्याओं से जूझने में व्यस्त होंगे, तो प्यार के बारे में सोचने की फुर्सत किसे होगी?

हालांकि प्राचीन समय में हमने प्रकृति से कई रिश्ते जोड़े। प्रकृति के विभिन्न अवयवों को हमने अपने परिवार की तरह माना। इन अवयवों को हमने ईश्वर का दर्जा भी दिया। क्यों न हम इस दौर में इसी श्रृंखला को आगे बढ़ाते हुए प्रकृति से प्यार का एक नया रिश्ता जोड़ें। जैसे एक स्त्री मां, बहन, पत्नी और बेटी- किसी भी रूप में हमारे सामने हो सकती है, उसी तरह प्रकृति भी विभिन्न रूपों में हमारे सामने हो सकती है। हम प्रकृति से जितना ज्यादा प्यार करेंगे, हमारे रिश्तों के बीच भी यह उतना ही प्यार बढ़ाएगी। अब प्रकृति को हमें अपनी प्रेमिका बनाना ही होगा।

संदर्भ

> हमने आज तक प्रकृति का ध्यान इसलिए नहीं रखा, क्योंकि हम प्रकृति से प्यार का रिश्ता नहीं जोड़ पाए। आज प्रकृति को बचाने के लिए विभिन्न कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं, लेकिन प्रकृति के जख्म बढ़ते ही जा रहे हैं।

युद्ध हमें कई स्तरों पर मानसिक तनाव भी देता है। प्रकृति मानसिक तनाव दूर करने में भी महत्त्वपूर्ण भूमिका अदा करती है। कई बार चिकित्सक भी मानसिक तनाव दूर करने के लिए हमें प्रकृति के बीच रहने की सलाह देते हैं। यह दुखद है कि प्रकृति जो हमें शांति प्रदान करना चाहती है, हम अपने व्यवहार से उस शांति को भंग कर देना चाहते हैं। मानसिक तनाव का एक बड़ा कारण यह भी है कि इस दौर में हम लगातार प्रकृति से दूर होकर यांत्रिक होते जा रहे हैं। प्रकृति से दूर होना हमें भावनात्मक स्तर पर भी कमजोर कर रहा है। महानगरों में निवास करने वाले लोग तो कई-कई दिन तक प्रकृति के दर्शन ही नहीं कर पाते हैं। जीवन की इस लय को सुधारने के लिए हम प्रकृति के सान्निध्य में समय बिताना चाहते हैं। यह प्रकृति की उदारता और सहिष्णुता ही है कि वह उसे जख्म देने वाले इंसान को अपना सान्निध्य देकर उस पर सब कुछ लुटा देना चाहती है। जब हम चारों तरफ से हार मान जाते हैं तो प्रकृति ही हमें आशा की किरण दिखा कर एक नई ऊर्जा देती है। प्रकृति का स्नेहिल और शीतल स्पर्श हमें अवसाद के गहन अंधकार से बाहर निकालने में सहायता प्रदान करता है।

दरअसल, हमने आज तक प्रकृति का ध्यान इसलिए नहीं रखा, क्योंकि हम प्रकृति से प्यार का रिश्ता नहीं जोड़ पाए। आज प्रकृति को बचाने के लिए विभिन्न कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं, लेकिन प्रकृति के जख्म बढ़ते ही जा रहे हैं। ये कार्यक्रम केवल कुछ लोगों की जेबें भर रहे हैं। इनके जरिए केवल औपचारिकता निभाई जा रही है। यही कारण है कि आज प्रकृति को बचाने के लिए हल्ला तो मच रहा है, लेकिन उससे प्यार का रिश्ता कायम नहीं हो पा रहा है। प्रकृति से यह प्यार का रिश्ता तभी कायम हो पाएगा जब हम उसे अपनी नई प्रेमिका बनाएंगे। प्रकृति स्वस्थ होगी तो हमारा प्यार भी स्वस्थ होगा। प्यार का आधार यह प्रकृति ही है। इस धरती के लिए शीश कटाने की नहीं, धरती के प्रति संवेदनशीलता दिखाने की जरूरत है।

इस दौर में युद्ध की नहीं, प्रेम की बात करना ही दोनों देशों के हित में है। अब हमें यह समझना होगा कि अपनी धरती और प्रकृति को बचाना ही सच्ची देशभक्ति है। अगर दोनों देशों की सत्ताओं के अंदर यह भावना होगी तो युद्ध अपने आप टल जाएगा।

अमन की कोशिशें तेज हों

वक़्त की नब्ज़

■ तवलीन सिंह

इस लेख को लिखने बैठी ही थी कि बीबीसी पर खबर आई कि कश्मीर घाटी में हर किस्म का जुल्म ढाया जा रहा है आम बेगुनाह लोगों पर। इस खबर के मुताबिक छोटे बच्चों को गिरफ्तार करके प्रताड़ित किया जा रहा है। इस खबर को हजम कर ही रही थी कि इमरान खान का भाषण सुना, जिसमें उन्होंने 'हमारे कश्मीरियों पर जुल्म' की बात दोहराई। वादा किया कि जब तक कश्मीर आजाद नहीं होता है तब तक वे हर अंतरराष्ट्रीय मंच पर कश्मीर के लिए लड़ाई लड़ते रहेंगे। नरेंद्र मोदी की तुलना इस भाषण में उन्होंने हिटलर से की और आरएसएस की सोच को नाजी सोच से प्रभावित बताया।

इस भाषण से एक दिन पहले मेरे एक पाकिस्तानी दोस्त ने मुझे कुछ तस्वीरें भेजीं वाट्स ऐप पर। एक तस्वीर में लाशों के ढेर लगे हुए हैं हथियारबंद सिपाहियों के सामने। दूसरी तस्वीर में वर्दी वाले सिपाही जख्मी आदमी को सड़क पर घसीट रहे हैं जैसे जानवर हों। वर्दियों को देखा, मुझे साफ दिखा कि ये न भारतीय पुलिस के लोग थे और न भारतीय सेना के। लेकिन ऐसी झूठी खबरों को अनदेखा इसलिए नहीं किया जा सकता, क्योंकि अगर नरेंद्र मोदी कश्मीर घाटी का दिल जीतना चाहते हैं, तो उनको सावधान हो जाना चाहिए कि इस तरह के गलत प्रचार की परंपरा पुरानी है घाटी में।

याद है मुझे कि जब आजादी आंदोलन का नेतृत्व पाकिस्तान ने अपनी जिहादी तंजीमों द्वारा अपने हाथ में ले ली थी नब्बे के दशक में, तो उस समय भी इस तरह का झूठा प्रचार किया जाता था बहुत बड़े पैमाने पर। दूर-दराज गांवों से खबर पहुंचा करती थी श्रीनगर तशदुत की और हम पत्रकार दौड़े-दौड़े जाया करते थे यथार्थ जानने और मालूम पड़ता था कि खबर बिलकुल झूठी थी। एक बार बीबीसी के सतीश जैकब के साथ मैं बारामुला के पास एक छोटे गांव में पहुंची, जहां से खबर मिली थी औरतों के सामूहिक बलात्कार की। देर शाम को हम इस गांव में पहुंचे और उन महिलाओं से मिलने की इच्छा व्यक्त की, जिनके साथ यह जुल्म हुआ था।

कई महिलाओं को हमारे सामने पेश किया गया, जिन्होंने हंसते-मुस्कराते बताया कि उनकी भी 'बेज्जती' की थी 'इंडिया के सिपाहियों ने'। उनके रवैए से साफ जाहिर था कि झूठ बोल रही थीं। इतने में एक नौजवान पहुंचा वहां, जो न कश्मीरी था और न ही इस गांव का वासी। जीन्स और स्नीकर उसने पहने हुए थे और अच्छी अंग्रेजी बोलता था। इस नौजवान ने जल्दी साबित कर दिया कि इस नाटक का निर्देशक वही था। वह कौन था, मैं नहीं जानती।

> इसमें कोई शक नहीं कि कश्मीर का विशेष दर्जा हटा कर प्रधानमंत्री ने तुरुप का पत्ता खेला है। अधिकतर भारतीय खुश हैं, इसलिए कि उनको यकीन है कि इस विशेष दर्जे के कारण कश्मीरी अपने आप को भारत से अलग समझते रहे हैं।

इस तरह का गलत प्रचार अगर फिर से शुरू हो गया है घाटी में, तो न शांति आने वाली है निकट भविष्य में और न ही मोदी कश्मीरियों के दिल जीतने में कामयाब होंगे। आखिर कब तक कर्फ्यू लगा रहेगा घाटी में? कब तक लोगों को मोबाइल फोन सेवाओं से वंचित रखा जा सकता है? एक पूरा महीना होने को आ रहा है अनुछेद 370 हटाए जाने के बाद और अभी तक शांति बहाल करने के बहाने लोगों को अपने घरों में बंद करके रखा है। इतना घबराए हुए दिख रहे हैं कश्मीर के प्रशासक कि पिछले हफ्ते एक डॉक्टर को गिरफ्तार कर लिया गया था सिर्फ इसलिए कि वह ध्यान दिलाना चाह रहा था कि स्वास्थ्य सेवाओं को कितना नुकसान हुआ है कर्फ्यू लगने के बाद। एक अमेरिकी अखबार ने तो यहां तक कहा है कि कश्मीर में अस्पताल बन गए हैं कब्रिस्तान।

इधर कश्मीर के राज्यपाल हैं, जो हर दूसरे दिन लंबे-चौड़े इंटरव्यू दे रहे हैं, जिनमें विकास के वादे कर रहे हैं, पचास हजार सरकारी नौकरियां खोलने के वादे कर रहे हैं, सम्मेलन बुला रहे हैं अगले महीने श्रीनगर में देश के बड़े उद्योगपतियों का, यह दिखाने के लिए कि अनुछेद 370 हटने के बाद कितना परिवर्तन आने वाला है कश्मीर घाटी में। क्या जानते नहीं हैं गवर्नर साहब कि उनकी हर कोशिश नाकाम रहेगी जब तक कर्फ्यू रहता है घाटी में और कश्मीरी लोगों की आवाजें हम सुन नहीं पाते हैं। क्या जानते नहीं हैं कि इस कर्फ्यू का सबसे ज्यादा फायदा पाकिस्तान ले रहा है दुनिया को यह कह कर कि एक महीने से अस्सी लाख कश्मीरी अपने घरों में बंद कर दिए गए हैं?

इसमें कोई शक नहीं कि कश्मीर का विशेष दर्जा हटा कर प्रधानमंत्री ने तुरुप का पत्ता खेला है। अधिकतर भारतीय खुश हैं, इसलिए कि उनको यकीन है कि इस विशेष दर्जे के कारण कश्मीरी अपने आप को भारत से अलग समझते रहे हैं। भारतीयों को बुरा लगता है जब घाटी में जाते हैं और वहां के लोग उनसे पूछते हैं 'क्या आप इंडिया से आए हैं?' विशेष दर्जा ही कारण रहा है अलगावादी संस्थाओं के हौसले बुलंद रहने का, सो अच्छा हुआ कि उसको संसद के मत से हटा दिया गया है। मगर अब क्या रणनीति है मोदी सरकार की घाटी में असली शांति लाने की? रणनीति है अगर तो यह समय नहीं है उसको छिपा कर रखने का। यह समय है उसका खुल कर प्रचार करने का, वरना पाकिस्तान अगली बाजी जीत सकता है।

इमरान खान के तेवर देख कर ऐसा लगने लगा है कि पाकिस्तान युद्ध की तैयारी में लग गया है। इमरान खान ने अपने हर भाषण में धमकी दी है युद्ध की और यह भी कहा है कि युद्ध होगा, तो सारी दुनिया पर इसका असर पड़ेगा। यानी परमाणु हथियार भी इस युद्ध में इस्तेमाल कर सकता है पाकिस्तान। भारत अगर युद्ध नहीं चाहता है, तो प्रधानमंत्री की प्राथमिकता आज होनी चाहिए कश्मीर घाटी में शांति लाना। समस्या गंभीर है और कर्फ्यू के परदे के पीछे से दिखने लगी है।

युद्ध और शांति

बाखबर

■ सुधीश पचौरी

हर चैनल अपना-अपना कश्मीर दिखाता है। भक्त चैनल कश्मीर को सामान्य दिखाते हैं।

भक्त चैनल कुछ सामान्य गतिविधि वाला कश्मीर दिखाते हैं, तो एकाध अभक्त चैनल कुछ सुनसान-सा कश्मीर दिखाते हैं। 'सामान्य कश्मीर' में सुनसान सड़कों पर कुछ निजी वाहन आते-जाते दिखते हैं। कुछ लोग 'लांग शॉट' में आते-जाते दिखते हैं, लेकिन ये चैनल लाल चौक के अलावा अन्य जगहों को दिखाते हैं।

'सुनसान' दिखाने वाला चैनल अक्सर लाल चौक को दिखाता है, जिसमें दुकानें अब भी बंद दिखती हैं, यद्यपि कुछ गाड़ियां आती-जाती अवश्य दिखती हैं। लेकिन रिपोर्टर जब भी 'पीस टू कैमरा' करते हैं, तो आखिरी वाक्य यही कहते हैं कि प्रशासन कहता है कि धीरे-धीरे सब सामान्य हो रहा है।

कुछ चैनल पुराने फुटेजों को दुहरा कर काम चलाते हैं, लेकिन कुछ चैनल ऐसे फुटेज भी दिखाते हैं, जिनमें एक दो युवा बड़े कायदे से बताते रहते हैं कि पहले के मुकाबले इन दिनों अच्छे हालात हैं और ज्यों-ज्यों दिन बीतेंगे स्थिति अच्छी होती जाएगी। हमें नौकरियां मिलेंगी, सब ठीक हो जाएगा।...

एक भक्त चैनल दिखाता रहा कि पीडीपी की चीफ किस बड़े भव्य बंगले में नजरबंद हैं। मानो नजरबंदी प्रमुख खबर न हो, बल्कि वह बड़ा पुराना भव्य बंगला ही सबसे बड़ी खबर हो। एक चैनल दिखाता रहा कि पाकिस्तान गोले बरसा रहा है और देखिए ये बच्चे जान बचा कर भाग रहे हैं।

एक कश्मीर जम्मू-कश्मीर के राज्यपाल का भी है, जिसका कुछ भरोसा किया जा सकता है।

ऐसे ही 'कश्मीर' के बारे में राज्यपाल महोदय ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस करके बताया कि सामान्य जीवन धीरे-धीरे लौट रहा है, कि एक भी गोली नहीं चली है, कि रबर बुलेटों से जितने चोटिल हैं वे कमर से नीचे हैं, कि इतने फोन खुले हैं, कि धीरे-धीरे स्थिति और भी सामान्य होगी, कि अस्पतालों में दवाओं की कमी नहीं है, कि जम्मू-कश्मीर की जनता के कल्याण के लिए सरकार क्या-क्या योजनाएं लेकर आ रही है, कि कब तक नेता बंद रहेंगे।

शायद ऐसे ही सवाल के जवाब में राज्यपाल मजाहिया भाव से बोल उठे कि जो जितना जेल में रहता है, उतना ही बड़ा नेता बन कर निकलता है। मैं स्वयं इतनी बार जेल गया हूं... पत्रकार हंसने लगे।

एक बेहद तनाव भरे माहौल में भी राज्यपाल जी की ऐसी परिहास वृत्ति मजेदार लगी। उनके आलोचक कुछ भी कहें, बात तो वे सही कह रहे थे!

कांग्रेस के दुर्दिन खत्म नहीं होते दिखते। कुछ कसर रह जाती है तो कुछ एंकर पूरी कर देते हैं।

एक दिन राहुल ने ट्वीट कर कहा कि कश्मीर भारत का आंतरिक मामला है और कि कश्मीर में आतंकवाद के पीछे पाकिस्तान की बड़ी भूमिका है... तो यह बात भी कई एंकरों को हजम नहीं हुई।

> बहस से यह भी साफ हुआ कि कुछ एंकरों को 'खान मार्केट गैंग' का डर कुछ ज्यादा ही सताता है, जबकि एंकर खुद कहते रहते हैं कि ये गिनती में मुट्ठी भर हैं। भैये! जब ये मुट्ठी भर ही हैं तो काहे घंटों तक अपना रक्तचाप बढ़ाते हो?

माना कि राहुल ने यह 'करेक्शन', इमरान के यूएन को लिखे पत्र में राहुल को अपने पक्ष में उद्धृत करने के बाद, किया लेकिन 'करेक्शन' तो था!

एंकर चाहे तो यह कह सकते थे कि चलो 'देर आयद दुरुस्त आयद', लेकिन कुछ एंकरों को राहुल का 'सही' होना भी नहीं भाता। अगर राहुल को वे 'सही' मान लेंगे तो रोज का 'पंचिंग बैग' किसे बनाएंगे?

किसी मुद्दे पर राजनीतिक 'लाइन' को बदलने पर भाजपा प्रवक्ता अगर राहुल का मजाक उड़ाएं तो समझ में आता है, लेकिन एंकर भी अगर भाजपा के प्रवक्ताओं जैसे बन जाएं तो आश्चर्य होता है। अगर कोई अपनी गलत लाइन को सुधारना चाहता है तो आपको मिर्ची क्यों लगती है?

इस बीच, एक नया 'मीडिया युद्ध' छिड़ गया। इस मीडिया युद्ध की शुरुआत कुछ-कुछ 'नरो वा कुंजरो' की तरह हुई। बहुत देर तक यही समझ न आया कि मुंबई के जज महोदय ने किस वाले 'वार ऐंड पीस' (युद्ध और शांति) की बात की है?

एक सुबह एक अंग्रेजी एंकर ने 'खबर ब्रेक' कर बताया कि मुंबई के एक जज महोदय ने अपनी सुनवाई में जिस 'वार ऐंड पीस' का जिक्र किया वह टाल्स्टाय वाला 'क्लासिक उपन्यास' नहीं, बल्कि किन्हीं 'बिस्वजीत राय' द्वारा संपादित किताब है, जिसका जिक्र पुलिस के 'पंचनामा' में है और जिसका नाम 'वार ऐंड पीस इन जंगल महल' है। सुनवाई के दौरान जज महोदय इसी 'जंगल महल' वाले 'वार ऐंड पीस' की बात कर रहे थे, लेकिन 'खान मार्केट' गैंग वालों ने अपने ट्वीटों के जरिए अपनी 'फेकरी विद्या' का इस्तेमाल करके उसे टाल्स्टाय का 'वार ऐंड पीस' बना दिया और इस तरह न्यायपालिका को अनपढ़ बता कर उसका उपहास उड़ाने का अभियान चलाया!

हालांकि, बहसों में 'खान मारकेट गैंग' वाला तो एक न आया, लेकिन उनके कई सहोदर रहे जो कहते रहे कि हम न्यायालय की अवमानना नहीं कर रहे, लेकिन फैसले की आलोचना करना हमारा हक है।

एंकर पूछते रहे कि जज ने जिस 'वार ऐंड पीस' की बात की, क्या वह टालस्टाय की 'वार ऐंड पीस' की बात थी या कि 'वार ऐंड पीस इन जंगल महल' की बात थी...

अंत में एक एंकर ने ही अपना कन्फ्यूजन क्लीअर किया और 'सच' बताया कि न्यायालय ने स्वयं साफ किया है कि जिक्र में आई रचना टाल्स्टाय वाली 'वार ऐंड पीस' नहीं थी...

बहस से यह भी साफ हुआ कि कुछ एंकरों को 'खान मार्केट गैंग' का डर कुछ ज्यादा ही सताता है, जबकि एंकर खुद कहते रहते हैं कि ये गिनती में मुट्ठी भर हैं। भैये! जब ये मुट्ठी भर ही हैं तो काहे घंटों तक अपना रक्तचाप बढ़ाते हो? और, अगर ये इतने ही 'खल' हैं, तो इनको इतना 'मीडिया कवरेज' क्यों देते हो?

epaper.jansatta.com